# 2024
# सामान्य हिन्दी

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक :** 100

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खण्ड – क

1. (क) 'हरिऔध' की 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' कृति की विधा है : **1**

(i) कहानी (ii) उपन्यास (iii) जीवनी (iv) नाटक

(ख) 'भूले बिसरे चेहरे' कृति के लेखक हैं : **1**

(i) वासुदेव शरण अग्रवाल (ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (iii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (iv) फणीश्वर नाथ रेणु

(ग) वासुदेव शरण अग्रवाल लेखक हैं : **1**

(i) 'अकाल पुरुष गाँधी' के (ii) 'भारत की एकता' के (iii) 'विवर्त' के (iv) 'धरती के फूल' के

(घ) आलोचना साहित्य 'कालिदास की लालित्य योजना' के लेखक हैं : **1**

(i) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) प्रो. जी. सुन्दर रेड्डी (iii) हरिशंकर परसाई (iv) जयशंकर प्रसाद

(ङ) 'इन्द्रजाल' कहानी-संग्रह के लेखक हैं : **1**

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) विश्वम्भर नाथ शर्मा 'कौशिक' (iii) सुदर्शन (iv) प्रेमचन्द

2. (क) सुमित्रानंदन पंत का काव्य-संकलन है : **1**

(i) 'पाञ्चजन्य' (ii) 'हिमकिरीटिनी' (iii) 'रश्मि' (iv) 'वीणा'

(ख) 'प्रगतिवाद' युग के कवि हैं : **1**

(i) महादेवी वर्मा (ii) 'नागार्जुन' (iii) मैथिलीशरण गुप्त (iv) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(ग) प्रयोगवादी कवि नहीं हैं : **1**

(i) प्रभाकर माचवे (ii) मुक्तिबोध (iii) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (iv) 'अज्ञेय'

(घ) मैथिलीशरण गुप्त की रचना है : **1**

(i) 'भारत भारती' (ii) 'चित्राधार' (iii) 'अनामिका' (iv) 'स्वर्णधूलि'

(ङ) 'महावृक्ष के नीचे' काव्यकृति है : **1**

(i) धर्मवीर भारती की (ii) गिरिजा कुमार माथुर की (iii) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' की (iv) नरेन्द्र शर्मा की

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5** × **2** **= 10**

यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी अधिक बूढ़ी है वह उतनी ही उत्फुल्ल, मुस्कानमयी है। यह किस दीपक की जोत है ? जागरूक जीवन की ! लक्षयदर्शी जीवन की ! सेवा-निरत जीवन की ! अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की। भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) गद्यांश का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) कौन-सी ज्योति विश्व की सर्वोत्तम ज्योति है ?

(ङ) लेखक ने किसके मुस्कानमय जीवन का चित्रण किया है ?

**अथवा**

भाषा स्वयं संस्कृति का एक अटूट अंग है। संस्कृति परम्परा से निःसृत होने पर भी परिवर्तनशील और गतिशील है। उसकी गति विज्ञान की प्रगति के साथ जोड़ी जाती है। वैज्ञानिक आविष्कारों के प्रभाव के कारण उद्भूत नई सांस्कृतिक हलचलों को शाब्दिक रूप देने के लिए भाषा के परम्परागत प्रयोग पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए नये प्रयोगों की, नयी भाव-योजनाओं को व्यक्त करने के लिए नये शब्दों की खोज की महती आवश्यकता है।

(क) पाठ का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) नए शब्दों की खोज क्यों आवश्यक है ?

(घ) संस्कृति का एक अटूट अंग क्या है ?

(ङ) किसके लिए भाषा के परम्परागत प्रयोग पर्याप्त नहीं हैं ?

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 2 = 10**

निरख सखी ये खंजन आये,
फेरे उन मेरे रंजन ने नयन इधर मन भाये।
फैला उनके तन का आतप, मन में सर सरसाये,
घूमे वे इस ओर वहाँ, ये हंस यहाँ उड़ छाये।
कर करके ध्यान आज इस जन का निश्चय ये मुसकाये,
फूल उठे हैं कमल, अधर-से यह बंधूक सुहाये।
स्वागत, स्वागत, शरद, भाग्य से मैंने दर्शन पाये,
नभ ने मोती वारे, लो, ये अश्रु अर्घ्य भर लाये।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) सखी को खंजन पक्षी दिखाने से क्या तात्पर्य है ?

(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(घ) कवि ने पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया है ?

(ङ) 'नयन' और 'कमल' शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**अथवा**

कारा थी संस्कृति विगत्, भित्ति
बहु धर्म-जाति-गति रूप-नाम,
बंदी जग-जीवन, भू विभक्त
विज्ञान-मूढ़, जन प्रकृति-काम।
आये तुम मुक्त पुरुष, कहते –
मिथ्या जड़ बन्धन, सत्यराम,
नानृतं जयति सत्य, मा भैः –
जय ज्ञान-ज्योति, तुम्भ्यको प्रणाम।

(क) विगत् संस्कृति में कौन-कौन सी दीवारें थीं ?

(ख) 'जड़बंधन मिथ्या है और राम सत्य हैं' यह उद्घोष करने कौन आया ?

(ग) 'नानृतं जयति सत्यम्' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(घ) रेखांकित अंश का भावार्थ लिखिए।

(ङ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) **3 + 2 = 5**

(i) वासुदेव शरण अग्रवाल (ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (iii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) **3 + 2 = 5**

(i) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) महादेवी वर्मा

6. 'ध्रुवयात्रा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) **5**

**अथवा**

'लाटी' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द)

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड काव्य के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द) **5**

(क) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **अथवा** 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का कथानक लिखिए।

(ख) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर 'महात्मा गाँधी' का चरित्र-चित्रण कीजिए। **अथवा** 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर दशरथ का चरित्राङ्कन कीजिए। **अथवा** 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के 'अयोध्या' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(घ) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'द्रौपदी' का चरित्राङ्कन कीजिए। **अथवा** 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।

(ङ) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। **अथवा** 'त्यागपथी' खण्डकाव्य का कथासार लिखिए।

(च) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। **अथवा** 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।

## खण्ड – ख

8. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **2 + 5 = 7**

यथैवोप्करणवतां जीवनं तथैव ते जीवनं स्यात्। अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन इति। सा मैत्रेयी उवाच – येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्याम्। यदेव भगवान् केवल-अमृतत्वसाधनं जानाति, तदेव मे ब्रूहि। याज्ञवल्क्य उवाच – प्रिया नः सती त्वं प्रियं भाषसे।

**अथवा**

अतीते प्रथमकल्पे चतुष्पदाः सिंहं राजानमकुर्वन्। मत्स्या आनन्दमत्स्यं, शकुनयः सुवर्णहंसम्। तस्य पुनः, सुवर्णराजहंसस्य दुहिता हंसपोटिका आसीत्। स तस्य वरमदात् यत् सा आत्मनश्चित्तरुचितं स्वामिनं वृणुयात्। हंसराजः तस्यै वरं दत्वा हिमवति शकुनिसंघे सन्यपतत्।

(ख) निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **2 + 5 = 7**

अम्बु प्राची प्रस्थे रसपतिरिव प्राप्य कनकं
गतश्छायोचन्द्रो बुधजन इव ग्राम्यमदसि।
क्षणं क्षीणस्तारा नृपतय इवानुद्यमपराः
न दीपान् राजन्ते द्रविणरहितानामिव गुणाः।।

**अथवा**

निन्दन्तु नीतिनिपुणाः यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मीः समावेशतु गच्छतु वा यथेष्टम्।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः।।

9. निम्नलिखित लोकोक्तियों और मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **1 + 1 = 2**

(क) का वर्षा जब कृषि सुखानी (ख) अधजल गगरी छलकत जाय (ग) आग बबूला होना (घ) आसमान टूट पड़ना

10. अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज़ाद भारत में दुर्गा भाभी की उपेक्षा और सम्मान दोनों प्राप्त हुए। सरकारों ने इन्हें पैसों में तोलना चाहा। कतिपय वर्ष पूर्व उनके सम्मान में आयोजित एक समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उन्हें 51 हजार रुपए भेंट किए। भाभी ने वे रुपए वहीं वापस कर दिए। उन्होंने कहा कि देश के लिए संग्राम कर रहे थे, उस समय किसी व्यक्तिगत लाभ की आकांक्षा नहीं थी, केवल स्वाधीनता प्राप्ति लक्षय था। इस धन से यहाँ शहीदों का एक बड़ा स्मारक बनाया जाए।

(i) स्वतन्त्र भारत में दुर्गा भाभी का सम्मान किस प्रकार किया गया ? **1**

(ii) स्वाधीनता संग्राम में भाग लेने का लक्षय क्या था ? **2**

(iii) दुर्गा को सम्मान में जो धन भेंट किया गया उसे किस हेतु प्रयोग करने के लिए लौटा दिया गया ? **2**

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :

(i) शूर-सुर : **1**

(अ) कायर और योद्धा (ब) वीर और देवता (स) बहादुर और निशिचर (द) योद्धा और दुर्बल

(ii) भवन-भुवन : **1**

(अ) संसार और घर (ब) घर और नगर (स) घर और संसार (द) ग्राम और जगत

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) विधि (ii) वारिद (iii) द्विज (iv) सुरभि

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए :

(i) जिसके समान कोई दूसरा न हो : **1**

(अ) अद्वितीय (ब) अनुकरणयी (स) अकिंचन (द) अगण्य

(ii) जो सब कुछ जानता हो : **1**

(अ) विज्ञ (ब) अज्ञ (स) साक्षर (द) सर्वज्ञ

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) आज मेरा बड़ा भाई आ गया।

(ii) राधा ने पत्र पढ़ी।

(iii) मेरे को फल ले आओ।

(iv) उपरोक्त कथन सही है।

12. (क) 'श्रृंगार' रस अथवा 'शान्त' रस का लक्षण बताते हुए उसका एक उदाहरण लिखिए। **1 + 1 = 2**

(ख) 'अनुप्रास' अलङ्कार अथवा 'रूपक' अलङ्कार का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए। **1 + 1 = 2**

(ग) 'दोहा' छन्द अथवा 'चौपाई' छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए। **1 + 1 = 2**

13. अपनी गली/मोहल्ले की नालियों की समुचित सफाई हेतु नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। **6**

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : **2 + 7 = 9**

(क) राष्ट्रीय एकता वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता (ii) बढ़ती जनसंख्या तथा रोज़गार की समस्या (iii) मेरा प्रिय साहित्यकार (iv) कृषक-जीवन की त्रासदी (v) पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता